## एक नजर में



### मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की

**खिलचीपुर 04 अगस्त, सं.** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल ढाबली कलाँ में वीणा वादिनी मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गई. जिसमें ग्राम के ठाकुर भंवर सिंह खींची द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कर मूर्ति स्थापित की गई. इसी क्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजना अंतर्गत विद्यालय के आसपास से आने वाले ग्रामों के 87 छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की गई. इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बिरम सिंह ,ठाकुर भंवर सिंह, बीरमसिंह , जगदीश सिंह खींची,दीप सिंह खींची, ,बब्बू सिंह, प्रेम नारायण शर्मा,शिक्षक बनवारी शर्मा, ओमप्रकाश वैष्णव, देवेंद्र पारीक, मुकेश मालव, रिंकू खींची,ज्योति शर्मा बैरागी, सफिया खान,संगीता सोलंकी, सुजान परमार,मुकेश तंवर, मांगीलाल चौहान आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का आभार संस्था प्रभारी संजय सोलंकी द्वारा किया गया.

### आखिरी सोमवार उमड़ी दर्शनार्थियों की भीड़

**पड़ाना 04 अगस्त, सं.** श्रावण मास के आखिरी सोमवार नगर सहित आसपास ग्रामीण मऊ मगराना धनोरा आशारेटा करौंदी बरुखेड़ी इत्यादि ग्रामीण अंचलों में शिव मंदिर एवं शिवालय पर सुबह से ही भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करने का सिलसिला जारी रहा. हर जगह बोल बम बम भोले के जयकारे एवं ओम नम: शिवाय का जाप तो कहीं जल अभिषेक तो कहीं रुद्राभिषेक तो कई महिलाओं द्वारा सावन गीत गाकर भगवान भोलेनाथ कि श्रद्धा में श्रद्धालु डूबे रहे. इसी के चलते नगर के प्राचीन झिंरी स्थान नरसिंह मंदिर परिसर में स्थित विश्व काशीनाथ मंदिर तलेन रोड पर स्थित प्राचीन ओंकारेश्वर शिवालय शीतला माता चौराहा पर स्थित श्री रामेश्वर मंदिर नर्वदेश्वर मंदिर इत्यादि पर भी दर्शनार्थियों का ताता लगा रहा.

### मंदिर में हुए हिण्डोला दर्शन, पहुंचे श्रद्धालु

**खिलचीपुर 04 अगस्त, सं.** नगर के प्रसिद्ध श्री कल्याण राय मंदिर पर सावन मास के चलते प्रतिदिन अलग अलग रूप में हिंडोला दर्शन करवाए जा रहे है. शनिवार शाम को यमुना तट पर कुंज में हिंडोला दर्शन और हरी घटा के दर्शन हुए. हरी घटा के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जो घटाओ, यमुना जी और ठाकुर जी के दर्शन कर वे भाव विभोर हो गए. जैसे ही दर्शन खुले पूरा मंदिर परिसर ठाकुर जी के जयकारों से गूंज गया. मंदिर में पूरा परिसर खचाखच भर गया, हर कोई भक्त अपने आराध्य और हरी घटा के दर्शन पाने के लिए उत्साहित था. मंदिर के मुखिया परिवार के अनिल पारीक ने बताया कि पुष्टि मार्ग में रस और भाव की प्रधानता है और श्री यमुना जी ठाकुर जी की पटरानी है, अत: इसी भाव से आज यमुना तट पर निकुंज में हिंडोरा के भाव से हिंडोरा सिद्ध किया, हवेली के महिला मंडल और अन्य वैष्णव महिलाओं ने यमुना महारानी का पूजन कर यमुना जी के मधुर कीर्तनों का गायन एवं नृत्य कर खूब आनंद लिया. इस मौके पर आकर्षक हरे आम के पत्तों से हिंडोला सजाया गया वही इसमें केला सेवफल आदि फल भी लगाए गए. दर्शनों के लिए यमुना नदी और आसपास मोर की प्रतिकृति भी बनाई गई.

# इलाज नहीं कर पा रहीं बीमार मशीनें

## अनदेखी से खुद अपने ईलाज के इंतजार में लाखों की मशीन, मामूली कमी के कारण कमरों में बंद पड़ी

**जिले में मौजूद है 2 कुशल फीजियोंथेरेपिस्ट लेकिन मशीनें बंद हालत में पड़ीं, अस्पताल के बाहर निजी क्लीनिकों पर भटक रहे मरीज**

गौरव चौरसिया

**राजगढ़ 04 अगस्त. जिला अस्पताल में मरीजों का ईलाज करने वाली करीब आधा दर्जन मशीनें खुद अपने ईलाज के इंतजार में है. इसलिए बीमार पड़ी ये मशीनें मरीजों का ईलाज नहीं कर पा रही है. बीमारी भी बहुत गंभीर नहीं बल्कि मामूली है. लेकिन जिला अस्तपाल में ये मशीनें मामूली ईलाज भी नहीं ले पा रही है. इन मशीनों को चलाने के लिए 2 कुशल फीजियों थेरेपिस्ट मौजूद है लेकिन बावजूद इसके वे भी इन मशीनों से मरीजों को अपनी सेवाएं नहीं दे पा रहे है.**

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में करोड़ो रूपए भवन पर खर्च होने के बाद जरूरी मशीनों को भी बुलावाया गया. लेकिन इन मशीनों के सहायक उपकरण और टूल्स नहीं आने से ये मशीने कमरों में बंद कबाड़ के समान पड़ी है. यदि मामूली से उपकरण इनमें लगा दिए जाएं तो ये चालू हो जाएंगी और जिले के मरीजों को इनका लाभ मिलने लगेगा. ये मशीनें महीनों से बंद हालत में है. जिम्मेदार लोगों के संज्ञान में भलिभांति इन मशीनों की दुर्दशा है लेकिन बावजूद इसके इनके सुधार, संचालनक को लेकर कोई गतिविधि नजर नहीं आ रही है. इन्हें सुधार की दरकार है जिससे ये मरीजों के काम आ सके.

### 1 एसडब्ल्यूडी




**मशीन 1- एस.डब्लू.डी.( शार्ट वेव डायाथर्मी)**
**उपयोग-मांसपेशियों, जोड़ो में अकड़न को कम करना**
**स्थति-बंद**

### 2 पैराफिन वैक्स



**मशीन 2- पैराफिन वेक्स बाथ**
**उपयोग-जोड़ो और मांसपेशियों के दर्द को कम करना और लचीलापन बढ़ाने के लिए**
**स्थति-चालू मगर वेक्स उपलब्ध नही**

### 3 ट्रैक्शन मशीन




**मशीन 3-ट्रेक्शन मशीन**
**उपयोग- रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव डालकर दर्द कम करना**
**स्थति- जब से आई इंस्टॉलेशन नहीं हुआ**

### 4 हाइड्रो कॉलेटर



**मशीन 4 - हाइड्रो कॉलेटर**
**उपयोग- गर्म और गीली थेरेपी से ऐंठन में राहत**
**स्थति- जब से आई पैड नहीं आये, इसलिए बंद पड़ी**

### 5 नर्व स्टिमुलेशन



**मशीन 5 - टेन्स ( ट्रांस्क्यूटनेयस इलेक्ट्रिकल नर्व स्टिमुलेशन)**
**उपयोग- हल्की विधुत धारा से दर्द को कम करना**
**स्थति-चालू मगर केबल खराब**

### 2 फिजियोथेरेपिस्ट, लेकिन मशीनें बंद

जिला चिकित्सालय में 2 फिजियो थेरेपिस्ट डॉक्टर होने बावजूद भी मरीजों को इस का लाभ नही मिल पा रहा है. लाखों की मशीने मामूली देखरेख के अभाव में बंद हैं. फिजियोथेरेपी सेन्टर में 2 डॉक्टर पदस्थ है. अधिकांश मशीन या तो खराब है या जब से आई है उन को ठीक से इंस्टाल नहीं गया है. वहीं कुछ मशीनों के संचालन में उपयोग होने वाले समान नही है. ऐसे में ओर्थपेडीक (हड्डियों के डॉक्टर) द्वारा मरीजों को फिजियोथेरेपी ट्रीटमेंट पर्चे पर लिखा तो जाता है मगर हो नही पाती है, क्योंकि क्योंकि मशीन होने के बावजूद वर्किंग कंडीशन में नही है.

### मरीज निजी सेंटरों पर पहुंच रहे

उचित उवचार नही मिलने की स्थिति में मरीजो को निजी फीजियो थेरैपी सेंटर पर जान पड़ता. जहां एक दिन के 300 से 500 रुपये तक चुकाने पड़ते है, वही एक दिन में आराम भी नही मिलता है. सोमवार को पैरामेडिकल स्टाफ के डॉ. सुरेंद्र मालवीय और डॉ. तेजस्विनी उइके और सहायक विजय मेवाड़े थैरेपी सेन्टर में मौजूद थे. इन के द्वार केवल 2 प्रकार की मशीन( टेन्स और आईएफटी) ही मरीजों को लगाई जा रही थी. ऐसे में लाखों रूपए खर्च होने के बाद भी मरीज निजी सेंटरों पर जाकर पैसे खर्च कर रहे है और शासन की योजना धरी रह गई है.

फिजियोथेरेपी सेन्टर की मशीनों की स्थिति मेरे संज्ञान में है, जल्द ही खराब मशीने ठीक हो जायेगी वही कुछ नई मशीनों की भी डिमांड की गई है.

**डॉ. शोभा पटेल**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजगढ़**

## तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मारी, मौके पर मौत

**खिलचीपुर 04 अगस्त, सं.** खिलचीपुर में रविवार देर हाईवे 52 पर सोमवारिया के पास तेज रफ्तार कार ने एक अज्ञात महिला को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. रविवार सुबह राहगीर ने सड़क किनारे पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी. सोमवार सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की. जांच के दौरान एक कार को ढाबे से जब्त कर चालक अतिशय वर्मा और उसके साथी को हिरासत में लिया गया. पूछताछ में पता चला कि दोनों भोपाल से खाटू श्याम दर्शन कर लौट रहे थे. रात करीब 3 बजे सामने से आ रहे ट्रक की तेज लाइट की वजह से उन्हें रास्ता साफ दिखाई नहीं दिया और महिला उनकी कार की चपेट में आ गई. हादसे के बाद कार का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते आरोपी कार को पास के ढाबे पर खड़ा कर कार में बैठे थे. फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस आसपास के क्षेत्रों में महिला की शिनाख्त और घटना के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है.



## 16 हजार गायों की टैगिंग और टीकाकरण किया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 अगस्त.** उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. एम.एस. कुशवाह द्वारा बताया गया कि जिले में 29 अशासकीय एवं 114 शासकीय गौशालाएं संचालित हो रही है. शासन द्वारा 40 रूपये प्रति दिन प्रति गौवंश के मान से अनुदान राशि दी जाती है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. कुशवाह के निर्देशन में जिले की समस्त गौशाला में अधिनस्थ अमले द्वारा 16169 गौवंश की टेगिंग एवं टीकाकरण किया जा चुका है. समस्त गौशाला संचालकों से अपेक्षा है कि टेग लगे गौवंश क्षमतानुसार अपनी गौशाला में रखे. बिना टेग गौवंश को अनुदान राशि नहीं मिलेगी. समस्त गौशाला नोडल अधिकारियों को भी केवल टेग लगे गौवंश का सत्यापन हेतु निर्देशित किया गया. ज्यादा गौवंश सत्यापन करने वाले नोडल अधिकारी से वसूली की जाएगी.

### खुरपका और मुंहपका से बचाने टीकाकरण जारी

उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. एम.एस. कुशवाह द्वारा बताया गया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में पशुओं को विभिन्न रोग से बचाने के लिए जिले में टीकाकरण का कार्य सतत चल रहा है. इस मौसम में खुरपका एवं मुंहपका विषाणु जनित रोग से पशुओं के खुर में घाव, मुख में लार आना, छाले पडना, तेज बुखार, गले से गरर गरर की आवाज जैसे लक्षण दिखाई देते हैं. जिसके रोकथाम हेतू वर्तमान में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के समस्त विकासखण्डों में खुरपका एवं मुंहपका विषाणु जनित रोग से पशु को बचाने हेतु टीकाकरण का कार्य जारी है. जो 31 अगस्त, तक निरंतर रहेगा. इस टीकाकरण कार्यक्रम हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी गौ-सेवकों की टीम बनाई गई हैं. प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड में घर घर जाकर गाय एवं भैंसों में टीकाकरण करने हेतु निर्देश दिए गए

## कृषि फार्म से तार के बंडल चोरी

**सुठालिया 04 अगस्त, सं.** नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाई के कृषि फार्म पर बने टीन शेड नुमा मकान से अज्ञात चोर द्वारा टीन शेड तोड़कर चोरी करने की घटना प्रकाश में आई. व्यवसाई द्वारा थाने में आवेदन देकर चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रविवार रात्रि को नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाई कृष्ण मुरारी पालीवाल के पहाडगढ रोड स्थित कृषि फार्म पर टीन शेड नुमा मकान को तोड़कर उसमें रखे फेंसिंग तार के बंडल व एल्यूमीनियम बायर के बंडल अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए. जिसकी शिकायत व्यापारी ने थाने में की है.

## यदुवंशियों ने श्रीकृष्ण धाम पर लगाए पौधे, क्योंकि इनमें कृष्ण का वास

नवभारत न्यूज

**तलेन 04 अगस्त.** श्री आहिर यादव वंशीय राधा कृष्ण बलदाऊ मंदिर ट्रस्ट उज्जैन द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल श्री कृष्ण धाम लाटाहेड़ी पर एक समाज की सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया. वहीं बैठक की अध्यक्षता राम गोपाल यादव ट्रस्ट अध्यक्ष नेम सिंह यादव कोषाध्यक्ष ब्यावरा बाबू लाल यादव आगर प्रेम नारायण आगर सविता यादव बड़नगर, राधेश्याम यादव अटावदा, लक्ष्मी चंद यादव सारंगपुर, रमेश चंद यादव बादलपुरा, सुमेर सिंह यादव वकील नांदेल, मुकेश यादव तराना राधे श्याम यादव किलखेडा ने की. सदस्यों का स्वागत यादव महा सभा जिला अध्यक्ष माखन यादव ने किया. बैठक में समाज में व्याप्त कुरुतियों को दूर करने पर विचार विमर्श किया गया. मृत्युभोज पूर्ण तया बंद करने पर सभी की सहमति दर्ज की गयी. सम्मेलन स्थल पर वृक्षारोपण किया गया. वही इस मौके न प अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, गोपाल यादव शिक्षक, पार्षद कैलाश मोहन यादव, लक्ष्मी नारायण यादव, रतन सिंह यादव, भारत सिंह यादव, मनमोहन यादव सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोहर यादव नेकिया एवं आभार मुकेश यादव वकील ने माना.

## मंत्री ने बालिका छात्रावास में स्कूल बैग वितरित किए



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 04 अगस्त.** हमारी सरकार प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के नेतृत्व में छात्राओं के लिए कई प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है.उक्त बात प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल ने सोमवार सुबह अस्पताल रोड स्थित शासकीय कन्या कस्तुरबा गांधी छात्रावास में छात्राओं को बैग वितरण कार्यक्रम में कही. राज्यमंत्री टेटवाल ने आगे कहा कि छात्रावास का अध्ययन बालिकाओं के सर्वांगीण विकास का सूचक है. इस दौरान टेटवाल ने छात्रावास में अध्यनरत छात्राओं से सवाल जवाब किए. कार्यक्रम में राज्यमंत्री डॉ टेटवाल एवं अन्य अतिथियों का बीईओ सुरेश विरमाल ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम के पश्चात कस्तूरबा गांधी छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया. इस दौरान नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित कुमार बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तसीलदार आकाश शर्मा, बीआरसी बीएल वर्मा, सीएमओ ज्योति सुनहरे, मॉडल प्राचार्य बबीता मिश्रा, सुधीर श्रीमाल, संतोष प्रजापति, समाजसेवी राधेश्याम महेश्वरी, युवा नेता योगेश महेश्वरी एवं हॉस्टल अधीक्षक वंदना शर्मा आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन मॉडल प्राचार्य बबीता मिश्रा ने किया व आभार बीईओ विरमाल ने माना.

## राम धुन के साथ भव्य सुंदरकाण्ड पाठ में जुटा नगर

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 04 अगस्त.** हनुमान मंदिर किशनगढ़ बालाजी दरबार में सावन मास रामायण-पारायण अंतर्गत भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ. इस भव्य सुंदरकांड पाठ को लेकर मंदिर समिति सदस्यों द्वारा मंदिर सजावट एवं विद्युत डेकोरेशन किया गया. जहां पर किशनगढ़ बालाजी दरबार का विशेष आकर्षित मनोहरी श्रृंगार किया गया. बालाजी के दर्शन कर श्रद्धालु भक्तों महिला पुरुष युवाओं ने



आशीर्वाद प्राप्त किया. पंडित श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संचालित समिति के द्वारा नगर सहित आसपास क्षेत्र से लेकर राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मेहंदीपुर बालाजी, सालासर बालाजी सहित शाजापुर इंदौर गुना जिले में तथा राजगढ़ जिले के अनेकों धार्मिक स्थलों पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा चुका है. सावन में रामायण-पारायण के अंतर्गत 24 वे विश्राम के दिन सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. जिसमें नगर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया.



## सेना के शौर्य के आगे जल, थल, नभ भी झुक जाते हैं

### विद्यार्थियों को कारगिल दिवस पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई

**सुठालिया 04 अगस्त, सं.** शासकीय महाविद्यालय सुठालिया में 04 अगस्त 2025 को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी एवं डाक्यूमेंट्री प्रदर्शन का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद स्वरूप लहेरिया ने कहा आज का दिन हम सभी के लिए गर्व, श्रद्धा और आत्ममंथन का दिन है. कारगिल विजय दिवस, भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है. 1999 में हमारे वीर सैनिकों ने विषम परिस्थितियों में भी दुश्मनों को परास्त कर तिरंगे की शान को ऊँचा रखा. मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विषय की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रभा भिरौरिया ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि, शौर्यगाथा एवं सैनिकों के बलिदान पर प्रकाश डाला. आज के युवाओं का दायित्व है कि वे उन बलिदानों को याद रखें और अपने आचरण, अध्ययन एवं सेवा से देश को और मजबूत बनाएं. कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती अर्चना ऊइके ने कहा आज जब हम कारगिल विजय दिवस मना रहे हैं, तब हमें उन अनगिनत वीर जवानों की याद आती है. वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. संतोष पाठक ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप कुमार ने किया, आभार प्रद्युम्न सोनी ने किया. इस अवसर पर विद्यार्थियों को ऑपरेशन विजय पर आधारित डाक्यूमेंट्री प्रदर्शित की. जिसमें डॉ खालिद अल्ताफ़, डॉ अमित मन्हास, डॉ अरशद मो खान, शमशाद वेग, राजकुमार लोधी, श्रीमती पूजा यादव, अनुरुद्ध कुशवाह, प्रवेश कुशवाह, उमेश सेन, दशरथ गुर्जर तथा छात्र/ छात्राएं ने उपस्थिति रहे.

**लोकल पर वोकल** 7 से 10 अगस्त तक होगा 'आकांक्षा हाट' का भव्य आयोजन, विधायक सहित कलेक्टर, एसपी ने ली बैठक

## सीएम करेंगे 3 दिनों की आकांक्षा हाट का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 अगस्त.** कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई. नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत 7 अगस्त को नरसिंहगढ़ में होने वाले आकांक्षा हाट का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा. यह आयोजन स्थानीय उत्पादों, महिला स्व-सहायता समूहों, कारीगरों और विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच होगा. कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा बताया गया कि यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक



सशक्त कदम है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी. कार्यक्रम में प्रदर्शनी, बिक्री, जनजागरूकता गतिविधियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित किए जाएगा. यह आयोजन स्थानीय उत्पाद, संस्कृति और आत्मनिर्भर भारत का उत्सव है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम. नरसिंहगढ़ एसडीएम कार्यालय में विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी की उपस्थिति में आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई. बैठक में पार्किंग, बैरिकेडिंग, सेक्टर विभाजन, ड्यूटी आदेश, मंच व्यवस्था, हैलीपैड, शौचालय, पेयजल आदि समस्त व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई.

### रथयात्रा मार्ग को लेकर समीक्षा बैठक, शहर चाक-चौबंद

आगामी दिनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क और तैयार है. नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक अमित तौलानी ने हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित रथ यात्रा मार्ग पर पैदल चलकर पूरे रास्ते का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मार्ग की संपूर्ण जांच की गई एवं उपस्थित सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. प्रवेश एवं निकासी बिंदुओं, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई. अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण हों और किसी भी प्रकार की चूक न हो. प्रशासन का उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री के आगमन पर आयोजन पूर्णत: सुव्यवस्थित और सफल रहे. विधायक मोहन शर्मा ने बताया कि सीएम के आगमन को लेकर पूरा शहर और क्षेत्र उत्साहित है. बाबा बैजनाथ की नगरी सीएम के स्वागत को लेकर पूरी तरह तैयार है. बीते दिनों कार्यक्रम आगे बढ़ गया था. लेकिन अब अंतत: सीएम का दौरा तय हुआ है. मिनी कश्मीर में अलग ही माहौल इस समय बना हुआ है. पूरा शहर सजाया जा रहा है.